द्वितीय अध्याय
गुरुदेव मान जाओ! संधि कर लो पवित्र शक्तियों से! लड़ाई- झगड़े में सिर्फ विनाश होता है!
दंड मिलेगा। और भीषण मौत होगी इन कायरों की!
चुप रह!
एक तो नागराज और ध्रुव जैसे पवित्र शक्तिधारी हमारा प्रभुत्त्व कम कर रहे हैं और ऊपर से तू मेरी शक्ति को कम कर रहा है!
इन दोनों मूर्खों को भेजा गया था अन्न छीन- कर मानवों का मनोबल तोड़ने के लिए और ये पिटकर आ गए ये सोचकर कि इन्होंने नागराज को हमारा गुलाम बना लिया है!
कच्चाक
इनको दंड दो ताकि फिर कोई हमारा सेवक डरकर पीठ दिखाने की जुर्रत न कर सके!
ऐसी मौत तो सिर्फ वही शख्स दे सकता था-
49

जो खुद क्रूरता का अवतार हो-
ले जाओ इनकी कुचली लाशें और टांग दो हमारे राज्य अलंध्या के मुख्य चौक के बीचो-बीच!
ताकि हर कोई इनको देखे और डरकर भागने से पहले आत्म-हत्या कर ले!
शाबाश क्रूरपाशा!
तेरी इस क्रूरता से ब्लैक पॉवर्स तो क्या पूरा ब्रह्मांड थर-थर कांप उठेगा!
अभी से लोगों ने अपनी इच्छाएं पूरी होती देखकर तेरी पूजा शुरू कर दी है!
अब तेरा कंपीटीशन मानवों से नहीं, सीधा देवताओं से होगा!
क्योंकि भक्ति में महान शक्ति है और तेरे भक्त लगातार बढ़ रहे हैं!
पर हमारे आदमी तो लगातार पिट रहे हैं! न जाने मानवों को कैसे पहले से ही ब्लैक पॉवर्स की भनक लग जाती है!
चाहे अदृश्य रूप में जाएं या गुप्त रूप में, वे पहचान लिए जाते हैं! ऐसा होता रहा तो पवित्र शक्तियों को यहां तक पहुंचने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा!
सवाल विचार करने योग्य है, क्रूरपाशा! आखिर हमारी ब्लैक पॉवर्स पकड़ में क्यों आ जाती हैं! मानव तो उनको देख नहीं सकते!
पर कोई और देख सकता है, गुरुदेव! वह शक्ति जो इस वक्त जिसके पाले में जाएगी, जीत उसी की होगी।

और वह शक्ति इस वक्त उन मानवों के अधिक करीब है जो पवित्र शक्ति के धारक हैं!

नगीना! तू... तूने हमको कैसे ढूंढ निकाला? तू अलंध्या द्वीप की असंख्य बाधाओं को पार करके यहां तक कैसे आ पहुंची?

सही समझे गुरुदेव! नागों के अंदर काली शक्तियों को देख सकने की अद्भुत क्षमता है। वे उनको देख लेते हैं और मानवों को सतर्क कर देते हैं!

पर हमारे आदमियों से तो आज तक न कोई नाग टकराया और न ही नजर आया!

वैसे भी हम तो ब्लैक पॉवर्स को मानवों के बीच में भेजते हैं, नागों के बीच में नहीं!

क्योंकि मैं भी उसी शक्ति का एक हिस्सा हूं और साथ में मैं तांत्रिक भी हूं! एक महान तांत्रिका! मेरे लिए ये बच्चों का खेल है गुरुदेव!

तू भी उसी निर्णायक शक्ति का हिस्सा है नगीना? कहीं तू नागशक्ति की बात तो नहीं कर रही?

यहीं तो तुम धोखा खा रहे हो गुरुदेव! आज भी लाखों इच्छाधारी नाग मानवों के बीच में मानवों के रूप में ही रह रहे हैं। ताकि वे अपनी चमत्कारी शक्तियों से मानवों की प्रगति को दिशा दे सकें! और उनकी परेशानियां दूर कर सकें!

अब तो नाग और मानवों में विवाह भी होने लगे हैं! और उनकी संतानों में भी ब्लैक पॉवर्स को देख सकने की क्षमता है!

अगर वे इतने शक्तिशाली हैं तो सीधे ब्लैक पॉवर्स से क्यों नहीं टकराते?

क्योंकि उनका उद्देश्य मानवों की सहायता करना है! नागशक्ति किसी भी तरफ से नहीं लड़ेगी!

बोलती जाओ नगीना! मैं सुन रहा हूं!

तब तो अगर नाग शक्ति मानवों की मदद करना छोड़ दे तो हमको ब्रह्मांड पर विजय पाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

मैं यही काम करने यहां पर आई हूं। ऐसा वार करने जिसके चलते ही नागशक्ति को ब्लैक पॉवर्स का विरोध करना छोड़ना ही पड़ेगा।

नगीना बोलती चली गई–

और उसकी बात खत्म होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा-

जबरदस्त सुझाव है तुम्हारा नगीना! ऐसा होते ही नागशक्ति को मानवों का साथ छोड़ना ही पड़ेगा!

तुम्हारा क्या कहना है, क्रूर पाशा?

म... मैं अभी आकर बताता हूं!

अरे सुन तो!

जब मैंने हां कह दी है तो...

हां! उसके बाद उसके दो रूप और निकले! उसके आलस्य और कायरता के दुर्गुण भी मानव रूप में बाहर आए!

और आलस्य वाला रूप कहां गया?

ये भी रूपाशा है! हमेशा संधि और शांति की बात करता है जो कायरों की निशानी है!

उसको ढूंढना सबसे आसान है! बस खर्राटों का पीछा करो!

क्रूरपाशा बनने से नागपाशा ज्यादा समझदार हो गया है! अब वह तुम्हारा बेवकूफ चेला नहीं रहा!

तुमने अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है गुरुदेव!

सच बताऊं तो ये मेरा काम नहीं है! मैं तो सिर्फ नागपाशा के अंदर से आलस्य और कायरता बाहर निकाल रहा था! पर तभी एक उल्का आकर गिरी! एक अजीब सी ऊर्जा उस घोल में समा गई, जिसमें नागपाशा घुला हुआ था! और फिर उसमें से जो पहला नागपाशा निकला वह क्रूरपाशा था!

पहला नागपाशा! यानी और भी नागपाशा निकले?

और तुम सुप्तपाशा तक पहुंच जाओगी!

ये रहा! पिछली बार छः महीने पहले उठा था! तब ये पांच भैंसे एक बार में खा गया था! और फिर सो गया! मैंने शक्ति का इतना बड़ा दुरुपयोग कभी नहीं देखा!

भैंसे तो मनाती होंगी कि ये सोता रहे! पर क्रूरपाशा वापस नहीं आया! वह आखिर गया कहां है?

अपने गर्भ गृह में! जहां पर मेरा जाना तक वर्जित है!

गर्भगृह-
प्रणाम स्वीकार करें महाकालछिद्र! आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता आ पड़ी है!
ब्लैक होल की शक्तियों का साकार रूप हूं मैं! मुझको पहले से तेरी समस्या का पता है मेरे दास!
मान जा नगीना के सुझाव को! मुझको ऐसा लग रहा है जैसे पुरानी कथा फिर से अपने आपको दोहरा रही है!
तब भी ऐसा ही कुछ हुआ था! जब मैंने रावण को ब्लैक होल की पॉवर्स दी थीं!
पर वह त्रेतायुग था! और ये कलियुग है! पवित्र शक्तियां बहुत कमजोर हो चुकी हैं!
इस बार कोई राम तेरा रास्ता नहीं रोकेगा!
क्योंकि राम अब पैदा ही नहीं होते!
जा और शुरुआत कर उस प्रक्रिया की जिससे पूरा ब्रह्मांड, ब्लैक-होल में समा जाए!
आज्ञा का पालन होगा, महाकालछिद्र!
ब्लैक होल- अंधेरी दुनिया की एक ऐसी शक्ति जिसमें सबकुछ समा जाता है-
सिर्फ प्रकाश ही दूर कर सकता है अंधकार को-

और प्रकाश इस वक्त खुद अंधकार में डूबा हुआ था-
अब यहां पर मेरा कोई काम नहीं है! मुझे वापस जाना होगा! वहां पर कोई मेरा इंतजार कर रहा है!
तुम्हारा बेटा ऋषि! और उसकी मां नताशा!
तुमने ये नहीं कहा भारती कि 'तुम्हारी पत्नी नताशा'! यानी तुम जानती हो कि मेरी जिन्दगी में इस वक्त क्या हो रहा है!
तुम एक सेलिब्रिटी हो ध्रुव! और मैं एक न्यूज चैनेल वाली हूं! इतनी खबर तो हमारे पास रहती ही है!
वैसे सच कहूं कि जब सालों की डेटिंग के बाद तुमने नताशा से शादी की थी तो मुझे ऐसा लगा था कि तुम दोनों सात तो क्या साठ जन्मों तक एक साथ रहोगे। पर यहां तो साठ महीनों में ही कहानी बदल गई! मुझे ये भी पता है कि कल फैमिली कोर्ट में नताशा डाइवोर्स की एप्लीकेशन फाइल करने वाली है!
लेकिन ऐसा हुआ क्यों? नताशा तो एक समझदार लड़की है! तुमसे प्यार भी करती है! फिर ये स्थिति क्यों आई?
रोबो के कारण!
रोबो काफी सुधर गया था! इसीलिए उसका हमारे घर आना-जाना बढ़ गया था! नताशा को भी अपने पिता से मिलकर अच्छा लगता था! पर जब से ब्लैक पॉवर्स का प्रभुत्व बढ़ा है तबसे रोबो भी बदल गया है! वह फिर से हत्यारा रोबो बन गया है!
और ऐसे शख्स से मेरा परिवार मेलजोल नहीं रख सकता! मैं नहीं चाहता कि मेरा बेटा अपने नाना से मिले और उसकी संगत में रहे! पर नताशा इसका उल्टा चाहती है!
उसका कहना है कि जब वह रोबो की संगत में रहकर भी सुधरी रही तो उसका बेटा क्यों बिगड़ेगा?
इसी कारण से वह मुझसे अलग होकर हमारे बेटे की कस्टडी लेना चाहती है ताकि वह रोबो से मिलता रह सके!

लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूंगा! चाहे मेरी सारी दौलत चली जाए, पर मैं अपने बेटे को रोबो के पास जाने नहीं दूंगा!
बेस्ट ऑफ लक, ध्रुव!
थैंक्स, भारती...
आऽऽऽह!
कौन है?
सौडांगी!
शीतनाग!
और भी इच्छाधारी नाग हैं! सौडांगी! शीतनाग!
ये जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं!
और ये सब नागराज के शरीर से बाहर निकल रहे हैं!
पर क्यों?
ये नागराज का शरीर छोड़कर क्यों जा रहे हैं? कहीं नागराज...
ओ नो! नो गॉड नो! प्लीज गॉड नो!
घबराओ मत भारती! इनको नागराज के अंत का आभास नहीं हो रहा है!
कारण कुछ और ही है!

तुम हमेशा की तरह सही समझे हो ध्रुव! ये नागराज के अंत का संकेत नहीं बल्कि नई शुरुआत का संकेत है!

बाबा गोरखनाथ! आप... और यहाँ पर!

मैं इनकी ही बात कर रहा था ध्रुव! वो जो हमारे भी पूज्य हैं और तुम्हारे भी!

ब्लैक पॉवर्स के खिलाफ इस युद्ध का संचालन इनके ही हाथ में है!

ये कहानी तो और जटिल होती जा रही है! जब तक आप मुझे शुरू से नहीं बताएंगे मुझे कुछ समझ में नहीं आएगा!

तो सुनो! इस कहानी की शुरूआत दो साल पहले उस सुप्रीम ब्लैक पॉवर ब्लैक होल यानी महाकाल छिद्र के पृथ्वी पर आगमन के साथ शुरू हुई जो अनंतकाल से एक धूमकेतु पर सवार होकर ऐसे उर्वर ग्रहों को ढूंढता रहता है जिसके अंदर वह अपने पाप के बीज को रोप सके!

ऐसा उसने त्रेता युग में भी किया था! और उस पाप के बीज से जो अंकुर फूटा था, उसको आज तुम रावण के नाम से जानते हो!

अब कई लाख वर्षों के बाद धूमकेतु की लाखों प्रकाश वर्ष लंबी परिक्रमा उसको एक बार फिर से पृथ्वी पर ले आई थी! और इस बार वह और शक्तिशाली होकर आया है! उसके आने से पृथ्वी पर लाखों वर्षों से सोई कई ऐसी ब्लैक पॉवर जाग उठी हैं जो रावण के वध के बाद युग निद्रा में चली गई थीं!

यह एक संयोग था कि ब्लैक पॉवर्स का पहला शिकार शायद नागराज ही था!

पर यह संयोग महाकाल छिद्र के लिए बहुत शुभ सिद्ध हुआ!

क्योंकि अगर नागराज होश में रहता तो ब्लैक पॉवर्स इतनी जल्दी पृथ्वी पर अपना जाल नहीं फैला पातीं!

नागराज नागपाशा की तलाश में गया था। जब काफी समय तक नागराज वापस नहीं आया तो इसकी तलाश में खोजी दस्ता गया। और जब नागराज उनको मिला तो वह तुम्हारे विज्ञान के अनुसार मृत था! पर सत्य यह था कि इसके शरीर में इतनी अधिक मात्रा में काली शक्ति भरी थी जो लाखों मानवों को एक साथ मार सकती थी! नागराज पर ब्लैक पॉवर्स का हमला हुआ था।

अब तक तो हमने किसी तरह से संतुलन बनाए रखा है! पर अब बाजी काली शक्तियों की तरफ जा सकती है! और अब उनको सिर्फ नागराज ही रोक सकता है!

और इसमें उसको तुम्हारी मदद चाहिए होगी, ध्रुव!
मैं तो ब्लैक पॉवर्स को जितना रोक सकता हूं उतना पहले से ही रोक रहा हूं!
पर ये संग्राम करेगा कौन? अकेले मैं?
नागराज तो बेहोश है और उसकी कई सर्प शक्तियां भी जा चुकी हैं!
छोटी-छोटी चंद लड़ाइयां जीतकर ब्लैक पॉवर्स खत्म नहीं होंगी ध्रुव! और वैसे भी अभी तक हमारा और तुम्हारा पाला कमजोर काली शक्तियों से पड़ा है! शक्तिशाली ब्लैक पॉवर्स पर तुम्हारे या धनंजय के वैज्ञानिक हथियार भी बेकार सिद्ध होंगे!
अब ये लड़ाई युद्ध में परिवर्तित होगी! अब आर या पार का संग्राम होगा!
अब जो मैं करने जा रहा हूं, उससे नागराज भी उठेगा और सर्प शक्तियां भी वापस आएंगी!
अब तक मैं इस बात का इंतजार कर रहा था कि नागराज का शरीर स्वयं ही ब्लैक पॉवर्स के खिलाफ प्रतिरोधक शक्ति पैदा कर ले! ऐसा उसने काफी हद तक कर भी लिया है! पर अब और समय नहीं है!
मुझे अपनी पवित्र शक्तियों से इसके शरीर में बची ब्लैक पॉवर्स को नष्ट करना होगा!
उससे मैं जरूर कमजोर हो जाऊंगा, पर नागराज जाग जाएगा!
आऽऽऽऽऽ ऊऽऽऽम!
नागराज के शरीर की ब्लैक पॉवर्स को पवित्र शक्तियां उसी तरह से काटने लगीं-

जैसे साबुन मैल को धो डालता है-
मैं... मैं कहां हूं ?
ओ नागराज ! दो साल बाद ! दो साल बाद तुम्हारी आवाज सुनी है मैंने ! पर लगता है जैसे कि दो युग बीत गए हों !
भारती ! मैं दो सालों तक सोया रहा ?
और... और ध्रुव, धनंजय... और बाबा गोरख नाथ भी यहां पर हैं !
प्रणाम गुरुदेव !
ये सब क्या हो रहा है ?
और नागपाशा कहां है ?
नागपाशा ?
हां, गुरुदेव ! नागपाशा रावण बन गया है ! दस सिरों वाला रावण !
उसने अचानक मुझ पर वार किया और मैं उसके सामने टिक नहीं पाया !
ओह ! अब मुझे समझ में आया कि नागपाशा ऐसी चाल क्यों चल रहा है ?
कैसी चाल गुरुदेव ?
रास्ते में बताऊंगा ! समय बहुत कम है नागराज, ध्रुव ! तुम दोनों मेरे साथ चलो ! तुरन्त !
पर बाबा ! अभी तो नागराज जागा है ! कुछ पल तो मुझे इसके साथ बिता लेने दीजिए !
एक पल का भी वक्त नहीं है भारती ! बहुत तैयारी करनी है !
अगर नागपाशा अपनी चाल में सफल हो गया तो सिर्फ वह तैयारी ही हमें बचा सकती है !
चलो !

लेकिन मैं आपके साथ अभी नहीं जा सकता गुरुदेव! अगर मैं आपके साथ चला गया तो शायद अपने बेटे को खो दूंगा!
अगर चलोगे तो तुम 'शायद' अपने बेटे को खो दोगे! लेकिन अगर नहीं चलोगे तो 'अवश्य' खो दोगे! और साथ में लाखों वे दूसरे लोग भी अपनी संतानें और जानें खो देंगे जिनकी सुरक्षा का बीड़ा तुमने उठाया हुआ है!
ब्लैक पॉवर्स किसी को नहीं छोड़ेंगी!
आपकी बात सही है, गुरुदेव! मैं चलूंगा आपके साथ!
लेकिन हमारी अनुपस्थिति के कारण ब्लैक पॉवर्स के हौसले और बढ़ जाएंगे!
इन मामूली हमलों से निपटने के लिए हमने तैयारी कर ली है!
हमने ऐसे युवाओं की एक सेना तैयार कर ली है जो छोटी ब्लैक पॉवर्स से निपटने की अद्भुत शक्ति रखते हैं!
अब चलो! बातों में पहले ही बहुत समय व्यर्थ हो चुका है!
हम कहां जा रहे हैं?
और उससे भी बड़ा सवाल कि क्यों जा रहे हैं?
हम 'आयुधक्षेत्र' में जा रहे हैं! वहां पर तुमको ऐसे शस्त्रों से परिचित कराया जाएगा जो विज्ञान की सीमा से परे हैं! शक्तिशाली ब्लैक पॉवर्स को सिर्फ वे हथियार ही रोक सकते हैं! पर उनको साधना आसान कार्य नहीं है और हमारे पास समय कम है!
तब तक तुम नागराज को यह बताओ, ध्रुव कि उसकी बेहोशी के दौरान क्या-क्या घटित हो चुका है!
समय की सीमा नजदीक आ रही है–

क्योंकि ब्लैक पॉवर के शहंशाह क्रूरपाशा ने अपना मोहरा आगे बढ़ा दिया है!
अब तुझे ब्रह्मांड सम्राट बनने से कोई नहीं रोक सकता!
क्योंकि काली शक्तियों के साथ-साथ अब नागशक्ति भी तेरी गुलाम बनने वाली है!
तेरे सामने ब्रह्मांड का कोई योद्धा टिक नहीं सकता!
मुझे पता है, गुरुदेव!
और अब ब्रह्मांड सम्राट से 'तू' और 'तुम' कहकर बात करना बंद करो!
शाबाश चेले!
गुरू को ही उपदेश दे डाला!
पर चालें दूसरी तरफ से भी चली जा रही थीं-
ये 'आयुध क्षेत्र' है! पर मुझे तो कहीं कुछ नजर नहीं आ रहा है!
आएगा! धीरज रखो!
पवित्र आयुध! दर्शन दें!
अद्भुत!
वाह!
ये तो एक पूरी महासेना के हथियार हैं!

नहीं, नागराज ! इनमें से हर एक आयुध एक पूरी महासेना को नष्ट करने की क्षमता रखता है !
ये आयुध 'ध्वनि संचालित' हैं ! यानी ये मंत्रों के द्वारा ही जागृत और नियंत्रित होते हैं !
इनकी प्रतिलिपि यानी 'कॉपी' भी बन सकती है ! पर उनकी विनाश क्षमता कई गुना कम होती है !
युद्ध में तुमको ये निर्णय लेना होगा कि कब तुम प्रतिलिपि का प्रयोग करके आयुध को अपने पास बनाए रखोगे या असली का प्रयोग करके उसको हमेशा के लिए खो दोगे !
गुरू द्रोण ! कहीं ये महाभारत काल वाले द्रोणाचार्य तो नहीं ?
और ये हैं द्रोण जो तुमको इन आयुधों का प्रयोग करना सिखाएंगे !
ये उनका ही 'मानव-संगणक' है ! यानी द्रोणाचार्य का 'जैविक रोबोट' ! इसके अंदर उनका सारा ज्ञान भरा हुआ है ! अब ये तुम पर निर्भर करता है कि तुम इस ज्ञान को कितनी जल्दी सीख लेते हो !
अब हमारे पास सिर्फ तीन दिन और दो प्रहरों का समय है !

श्री गणेश करने से पहले एक सवाल का जवाब दीजिए बाबा! जब मेरी मृत्यु करीब नहीं थी तो मेरे पुराने दोस्त, वे सारे इच्छाधारी सर्प मेरा शरीर छोड़कर कहां गए?
वहां पर जहां उनका कर्तव्य उनको बुला रहा था! और हमारी मंजिल भी वहीं है!
ये जवाब तो पहेली जैसा है!
सत्य जल्दी ही सामने आ जाएगा!
उतावले मत हो नागराज! द्रोण आयुध शिक्षा आरंभ करें!
आइए! सबसे पहले हम पवित्र शक्ति से परिपूर्ण इन आयुधों को प्रणाम करेंगे।
पवित्रो आयुधानहो...
आयुध शिक्षा शुरू हो रही थी-
और इसके प्रयोग का मौका भी जल्दी ही सामने आने वाला था-
कुमारी विसर्पी! कुमारी विसर्पी!
क्या बात है, विषेशी! इतनी घबराई क्यों है! क्या मूलक्षेत्र पर ब्लैक पॉवर्स ने हमला कर दिया है? हूंऽऽऽ
हां, कुमारी विसर्पी! क्रूरपाशा का यान मूलक्षेत्र पर मंडरा रहा है!
क्या?
उनको यहां का पता कैसे मिला? उनको रोका जा रहा है या नहीं?
उनके साथ नगीना भी है! यहां का पता अवश्य उसी ने बताया होगा!
हमारी सेना ने उनको रोका हुआ है! पर उनका कहना है वे युद्ध के लिए नहीं आए।
फिर वे मूलक्षेत्र में किसलिए आए हैं?

"प्रतियोगिता के लिए-"
परन्तु इस प्रतियोगिता के लिए आपको निमंत्रण नहीं दिया गया है! इसलिए आप शांतिपूर्वक वापस चले जाएं!
प्रतियोगिता के नियम पन्द्रह के अनुच्छेद पांच के अनुसार कोई भी विषधारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है! और सम्राट क्रूरपाशा में तो देव कालजयी का महाविष है!
वे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं!
इनका कहना सही है! नियमों के अनुसार हम इनको रोक नहीं सकते!
आइए! आपका स्वागत है, क्रूर पाशा!
मेरा काम खत्म हुआ! मैं चलती हूं! क्योंकि मेरी जरूरत अब कहीं और है!
अनर्थ हो गया है विसर्पी! क्रूरपाशा के रहते कोई और इस प्रतियोगिता को जीत नहीं सकता!
परन्तु अगर ऐसा हो गया तो नागजाति को ब्लैक पॉवर्स का साथ देना ही होगा!
नागजाति अपने संबंधियों के विरुद्ध नहीं जा सकती!
तो क्या इस प्रतियोगिता को रोक दिया जाए?
प्रतियोगिता जब भी होगी, यही होगा अमात्य!

और वैसे भी इस प्रतियोगिता के लिए और भी प्रतियोगी पधार चुके हैं! हम इस प्रतियोगिता को रोक नहीं सकते!
फिर क्या होगा? क्या ये ब्रह्मांड हमारे कारण तबाह होगा!
अब कुछ नहीं हो सकता, अमात्य! इस तबाही को सिर्फ भगवान ही रोक सकते हैं!
"पर वे बार-बार अवतार नहीं लेते-"
ऊर्जायुधों में तुम दोनों निपुण हो चुके हो!
अब तत्त्वायुधों की बारी है! वे अस्त्र जो पंचतत्त्वों की शक्ति के प्रयोग से चलते हैं!
आप ठीक तो हैं न बाबा गोरखनाथ?
हां, द्रोण! नागराज की काली शक्तियों को नष्ट करने के लिए मैंने जो पवित्र शक्तियां दी हैं, उसके कारण मुझे कमजोरी महसूस हो रही है! मुझसे अब ये युद्ध नहीं लड़ा जाएगा!
अब ये दोनों ही ब्रह्मांड की एक-मात्र उम्मीद हैं!
बाबा गोरखनाथ ने इन दोनों को चुनकर कोई गलती नहीं की थी-
क्योंकि शिक्षा कठिन और समय कम होने के बावजूद-

दोनों ही तत्त्वायुधों पर अपने अद्भुत नियंत्रण का प्रदर्शन कर रहे थे-
अति उत्तम ! तत्त्वायुधों पर तुम दोनों ने काफी हद तक नियंत्रण पा लिया है !
अब तुमको और भी ज्यादा शक्तिशाली आयुधों पर नियंत्रण पाना सीखना है !
और भी शक्तिशाली ? यानी ऐसे आयुध भी हैं जो प्रकृति की इन शक्तियों से भी अधिक विनाशकारी हैं !
हां ! और वे हैं देवायुध !
जैसे ब्रह्मास्त्र और गुरुत्वास्त्र ! इनमें से हर आयुध में ब्रह्मांड को कई बार नष्ट कर सकने की क्षमता है ! इनका प्रयोग अत्याधिक आवश्यकता पड़ने पर ही करना चाहिए...
... अब हम इनके संधान के बारे में सीखेंगे !
अति उत्तम ! पहली ही बार में इतना सफल संधान !
मुझे विश्वास हो गया है कि काली शक्तियां तुम दोनों के सामने टिक नहीं पाएंगी !
इस विश्वास की अभी परीक्षा हो जाएगी !
क्योंकि तुम दोनों इस 'आयुध क्षेत्र' से जिन्दा बाहर नहीं जाओगे !
ओफ़ ! यानी काली शक्तियां तुम पर नजर रखे हुए थीं !
कौन है ये ?
काली शक्तियों का एक शक्तिशाली योद्धा शिलाजीत !
शिलाएं ही इसका शरीर हैं और शिलाएं ही इसकी शक्ति !
और इसने आज तक कोई युद्ध नहीं हारा है !
इसका जिन्दा होना ही इस बात का सबूत है !

पर आज के बाद इसका निशान भी नहीं होगा!
ऊर्जायुधों, प्रकट हो!
हाऽऽऽह! ऊर्जायुध! गुदगुदी मत कर! ठीक से लड़!
हमको और शक्तिशाली आयुध चाहिएं!
प्रकृति की शक्तियों से भरपूर तत्त्वायुध!...
...प्रकट हो!
तडितास्त्र की अरबों वोल्ट की बिजली इसके चट्टानी शरीर को चूर कर देगी!
और जोर लगाओ! व्यवास्त्र की वायु मुझसे टकराकर बिखर जाएगी और आग्नेयास्त्र जब तक मुझे गला पाएगा...
... तब तक तुम दोनों खुद मिट्टी में मिल चुके होगे!
हाहा यही सीखा है अपने गुरू से?
शिलाएं पृथ्वी का अंग हैं! और पृथ्वी में ऊर्जा को सोखने की अद्भुत क्षमता है!
ओफ्! देखा तुम दोनों ने? आयुध से ज्यादा महत्त्वपूर्ण होता है उसके प्रयोग का तरीका!
अब क्या देवास्त्रों का प्रयोग करोगे?
अभी वह स्थिति नहीं आई है गुरु द्रोण!
पर तुम्हारे पास समय कम है! उनका प्रयोग क्या मरने के बाद करोगे?
नहीं! आपकी शिक्षा पर अमल करेंगे!
आयुध बदलेंगे और उनके प्रयोग की रणनीति बनाएंगे!
कंपनास्त्र! प्रतिलिपियां बनाओ!
दर्जनों प्रतिलिपियां शिलाजीत में समाने लगीं-
66

और शिलाजीत के शरीर में कंपनास्त्रों ने भूकंप पैदा कर दिया-
नागराज के सधे हुए वारों ने चट्टानों को दुबारा जुड़ने का मौका नहीं दिया-
उसके चट्टानी शरीर से टुकड़े अलग होने लगे-
नागराज! अब तुम्हारी बारी है!
लीजिए, गुरू द्रोण!
खत्म हो गई शिलाजीत नाम की काली शक्ति!
सचमुच!
सचमुच?
ओह! अब ये कहां से आ रहे हैं?
ये शिलाजीत के मुंह से निकल रहे हैं! शायद ये शिलाजीत के शरीर में रहने वाली शक्तियां हैं!
ये एक और सबक है! युद्ध जीतकर भी असावधान मत रहो!
इनके आयुध भी हमारे जैसे ही हैं!

ओफ़ ! ये धूल का गुबार !
यहां !
कुछ नजर नहीं आ रहा है !
तुम कहां हो ध्रुव !
यहां !
अरे, एक साथ तीन स्थानों से जवाब !
यहां !
अरे ! यहां तो कई ध्रुव हैं !
और कई नागराज भी हैं !
ये काली शक्तियों की एक और शक्ति है ! छद्म युद्ध ! अब ये कैसे पता चलेगा कि नकली असली को मार रहे हैं या असली नकली को !
महाभ्रम पैदा हो रहा था-
और ये स्थिति शिलाजीत के हमले से भी ज्यादा विकट थी-
अरे, मैं असली ध्रुव हूं !
पवित्र आयुध लुप्त हों !
अब तो असली और नकली का पता करना ही पड़ेगा ! और इसका एक आसान सा तरीका है !
सभी यही कर रहे हैं !
अरे ! मेरे आयुध लुप्त हो रहे हैं !
यानी तुम असली नागराज हो !

क्योंकि असली आयुध लुप्त हो गए हैं, पर नकली आयुध नहीं!
अब जो आयुध धारण किए हुए हैं, वे नकली नागराज और ध्रुव हैं!
अच्छा तरीका अपनाया तुमने!
पर अब तो तुम्हारे पास आयुध हैं नहीं! अब इनका मुकाबला कैसे करोगे?
इनके लिए उसकी नागशक्तियां ही काफी हैं!
अभी भी एक महाशक्तिशाली आयुध हमारे पास है गुरू द्रोण!
नागराज!
और इनसे निपटने के लिए इसको आयुधों की जरूरत नहीं है!
ये तो ठीक कहा तुमने! और साथ ही साथ इसके अंदर ब्लैक पावर्स के खिलाफ प्रतिरोधक शक्ति भी विकसित हो चुकी है!
तुमने यह युद्ध जीत लिया शिष्यो!
यानी मेरी परीक्षा में तुम दोनों शत प्रतिशत अंकों से सफल रहे हो!
परीक्षा! यानी ये एक परीक्षा थी!
बिल्कुल! अब तुम दोनों काली शक्तियों का सामना करने के लिए तैयार हो!
चलो, ये खुशखबरी बाबा गोरखनाथ को सुनाएं!

इन दोनों ने आयुध विद्या में पूर्ण निपुणता हासिल कर ली है! अब ये दोनों ब्लैक होल तक का सामना करने के लिए तैयार हैं, बाबा गोरखनाथ!
तुमने दो सालों तक शीतनिद्रा में रहकर ब्लैक पॉवर्स के खिलाफ एक प्रतिरोधक शक्ति पैदा कर ली है नागराज! अब छोटी-मोटी ब्लैक पॉवर्स तुम पर यूं ही बेअसर रहेंगी! और शक्तिशाली ब्लैक पॉवर्स से निपटने के लिए ये आयुध तुम दोनों के पास हैं!
...ये वस्त्र चाहिए!
अरे! सारे आयुध वस्त्रों में समा रहे हैं!
हमारे पास? इनको हम अपने पास कैसे रखेंगे? इनको ले जाने के लिए ही दस कंटेनर चाहिए!
नहीं, ध्रुव! इन आयुधों को ले जाने के लिए तुमको सिर्फ...
हां, ध्रुव! अब ये आयुध हमेशा तुम्हारे साथ रहेंगे! ये वस्त्र ही तुम्हारी आयुधशाला है! पर मैं जानता हूं कि तुम बिना इन आयुधों के भी ब्लैक पॉवर्स को मात देने की क्षमता रखते हो! और इसलिए नागराज को हमेशा तुम्हारी जरूरत रहेगी!
तुमको चुनने का भी यही कारण है! अब चलो!
हमारी अगली मंजिल मूलक्षेत्र है!
मूलक्षेत्र! ये क्या है? और वहां पर क्या होने वाला है?

स्वयंवर तृतीय अध्याय
विसर्पी का स्वयंवर!
... और ये स्वयंवर तुमको जीतना है, नागराज!
तुम्हारे शरीर के इच्छाधारी सर्प भी यहीं आए हैं! परम्परा के अनुसार उनका राजविवाह में शामिल होना आवश्यक है!
ये... ये आप क्या कह रहे हैं, बाबा गोरखनाथ! विसर्पी मुझसे नफरत करती है, और वैसे भी मैं एक शादीशुदा इंसान हूं!
ये स्वयंवर तुमको न अपने लिए जीतना है, और न ही विसर्पी के लिए! ये तुमको जग कल्याण के लिए जीतना है! तुमको विसर्पी से विवाह करना है नागराज!
नागराज आया है कुमारी विसर्पी!
वो शख्स जिससे मैं नफरत करती हूं! जिसकी पहली संतान अभी भी दूसरे आयाम में जवान हो रही होगी! जिसने मुझको नजरअंदाज करके भारती से विवाह कर लिया!
पर वही हमारी आखिरी उम्मीद है! अगर क्रूरपाशा को कोई मात दे सकता है तो सिर्फ नागराज!
इधर कुआं है तो उधर खाई! और निर्णय मुझे नहीं भाग्य को करना है!
देखते हैं कि ईश्वर को क्या मंजूर है!

इस स्वयंवर पर ब्रह्मांड का भविष्य टिका था-
नागराज
प्रतियोगी वेधशाला में पधारें!
स्वयंवर का शुभारंभ कुछ ही पलों में होने वाला है!
नागपाशा! जो अब... शायद क्रूरपाशा बन गया है!
मैं इस लड़ाई को अभी और यहीं खत्म कर देता हूं!
रुक जाइए! ये मूलक्षेत्र है! एक निष्पक्ष क्षेत्र! यहां पर कोई युद्ध नहीं होगा! वैसे भी ये स्वयंवर की शुभ घड़ी है!
आप दोनों महानुभाव अपने-अपने स्थानों पर पधारें!
एक युद्ध मूलक्षेत्र में लड़ा जा रहा था-
पिछली बार शायद मुझसे कुछ कसर रह गई थी! तभी तू जिन्दा बच गया!
पर इस बार मैं तुझे राख में बदलकर ही छोड़ूंगा!

और दूसरा अंडरग्राउंड सिटी राजनगर की फैमिली कोर्ट में-
आप पिछले 35 साल से वकालत कर रहे हैं, मिस्टर सोम! आपको इतना तो पता होना ही चाहिए कि डाइवोर्स या सेपेरेशन के केसेज की सुनवाई या फैसला तभी होता है जब दोनों संबंधित पक्ष उपस्थित हों!
यहां पर आपकी क्लाइंट मिसेज नताशा हैं पर मिस्टर ध्रुव नहीं हैं! कोर्ट तीन महीने बाद फिर इस केस की सुनवाई करेगी...
... और तब भी अगर मिस्टर ध्रुव यहां पर उपस्थित नहीं हुए तो जजमेंट सुना दिया जाएगा!
कुछ और कहना है आपको?
जज क्या कह रहे हैं वकील साहब? अगर ध्रुव आ गया तो शायद फैसला मेरे पक्ष में न हो! कुछ भी कीजिए! फैसला आज ही होना है!
अ... मीलॉर्ड, मेरी मुवक्किल इंतज़ार करने को तैयार हैं!
आप हमको अगली तारीख दे दें!
श श श! धीरे बोलिए मैडम! मैं कानून नहीं बनाता हूं! मैंने तो कोशिश की!
अब अगर ऐसा कोई लॉ ही नहीं है तो इंतज़ार करना ही होगा!
एक मिनट मीलॉर्ड!

मैं इस केस के बारे में कुछ कहना चाहती हूं!
आप कौन हैं और इस केस से आपका क्या संबंध है ?
मेरा नाम गीना है मीलॉर्ड! मैं एक एडवोकेट हूं! ये मेरे डॉक्युमेंट हैं! और मेरा मकसद अपनी साथी महिलाओं को न्याय दिलाना है!
पेपर्स तो ठीक हैं! अब आप क्या चाहती हैं?
मिसेज नताशा से दो मिनट बात करना!
इजाजत है!
तुम ये केस जीतना चाहती हो, नताशा? अभी और यहीं!
बिल्कुल! पर उसके लिए मुझे क्या करना होगा?
मुझे अपना वकील बना लो! तुरन्त!
ओ. के.!
यू आर फायर्ड मिस्टर सोम!
अब मिस गीना मेरी नई वकील हैं!
थैंक्यू नताशा! तो क्या मैं अपनी बहस शुरू कर सकती हूं मीलॉर्ड!
प्लीज, प्रोसीड!

मीलॉर्ड, बेंच ने यूनिवर्सल पीनल कोड की धारा 254 सब सेक्शन 29 A के अंतर्गत मेरी मुवक्किल को इंसाफ देने से इंकार कर दिया है!
और ये गलत है! क्योंकि ऐसे केसेज का फैसला पहले भी हो चुका है!
मैंने आपको पहली बार इस कोर्ट में देखा है मिस गीता! और शायद ये आपका पहला केस है! इसलिए आपको कानून की जानकारी जरा कम है!
मुझे कानून की किताबें जबानी याद हैं। और ऐसे केसेज में कोई जजमेंट आज तक नहीं हुआ है!
एक नहीं, ऐसे कई केसेज हैं मीलॉर्ड! 15 अप्रैल 1995 मिसेज फाली वर्सेज मिस्टर फाली! केस नंबर 225A/4/925! मिस्टर फाली के कोर्ट में अनुपस्थित रहने पर भी इसी कोर्ट ने दो बच्चों की कस्टडी मिसेज फाली को दी थी!
सेकेंड केस 19 सितंबर 2020 मिसेज पटाया वर्सेज मिस्टर पटाया! केस नम्बर 3290 ZP/11/1903! वह केस भी इसी कोर्ट में आया था! और फैसला मिसेज पटाया के पक्ष में सुनाया गया था!
कानून की किताबों में ऐसा एक भी केस नहीं है!
आप पुराने केसेज देख सकते हैं, मीलॉर्ड!
सचमुच! ये दोनों केसेज हैं! पर मैंने इन केसेज को पहले कभी देखा क्यों नहीं?
एक मिनट! एक मिनट! 2020! यानी सिर्फ पांच साल पहले! फिर ये केस मुझे याद क्यों नहीं है?

खैर! अगर प्रीसीडेंस मौजूद है तो उसके आधार पर ये कोर्ट इस केस का फैसला मिसेज नताशा के पक्ष में सुनाती है!
आज से मिसेज नताशा मिस्टर ध्रुव से अलग रह सकेंगी और बच्चे की होल एंड सोल गार्जियन भी वही रहेंगी! केस डिसमिस!
कमाल कर दिया तुमने गीना! बताओ कितने का चेक काटूं? या कैश दे दूं! बोलो, बोलो!
तुम तो मेरे लिए... बस भगवान बनकर आ गईं!
ये काम तो मैं सिर्फ पुरुषों का घमंड तोड़ने के लिए करती हूं! और इस काम के लिए मैं फीस नहीं लेती हूं!
कुछ और मांगो गीना! कुछ भी! एनी थिंग!
अभी मिला नहीं है! पर मिलेगा जरूर!
इस ब्रह्मांड का राज जो नगीना को हमेशा से चाहिए था!
जरूरत पड़ी तो मांग लूंगी! पर तब पीछे मत हट जाना!
ये नताशा की जबान है! और नताशा जबान देकर पलटती नहीं है!
प्रॉमिस?
प्रॉमिस!
पर मुझे अभी भी समझ में नहीं आ रहा है कि केस जीतकर तुमको क्या मिला?
गाथा जारी है- ग्रहण काण्ड में!

वरण काण्ड

प्यारे नागराज और ध्रुव के भक्तों!

बहुत बड़ी चुनौती थी। आपसे कह तो दिया था कि बेहतरीन कॉमिक्स दूंगा। **फुंकार** दी, **सर्वनाश** दी। आपको यह दोनों कॉमिक्स पसंद भी बहुत आईं। दोनों की ही कथा, चित्र व कलर्स की आपने बहुत प्रशंसा की कुछ राज कॉमिक्स प्रेमी जो राज कॉमिक्स के निम्न स्तरिय होने से बहुत आहत थे। आपने उन्हें जवाब भी दिए कि राज कॉमिक्स का स्तर सुधर रहा हैं जल्दी ही विश्वस्तरीय हो जाएगा। कमाल है आपको इतने थोड़े से प्रयास में इतना जबरदस्त विश्वास है। या शायद आप अपने दिल को तसल्ली दे रहे थे। विश्वस्तरीय बना पाऊंगा या नहीं मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता। हां, राज कॉमिक्स को एक ध्रुव तारा बनाने का प्रयास अवश्य करूंगा जो कि पूरे आकाश में अकेला ही होता है। यही लक्ष्य लेकर चला हूं। सफल होने के लिए चाहिए दृढ़ संकल्प, दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और कुछ राज कॉमिक्स प्रेमियों का सहयोग। यह चारों चीजें अभी मेरे साथ हैं। हां सहयोग जितना मिलता जाएगा मंजिल तेजी से करीब आएगी।

बात कर रहा था चुनौती की। चुनौती किसी भी जीवित प्राणी के लिए सबसे अहम वस्तु है। शेर में अगर अपने शिकार को पकड़ने की चुनौती ना होती तो वो इतना ताकतवर ना होता। हिरण को अगर शेर का शिकार होने से बचने की चुनौती ना होती तो वो इतना तेज व चपल धावक ना होता। आप देखेंगे कि हर चीज को दृढ़ता सिर्फ चुनौती ही देती है जिसके जीवन में चुनौती नहीं या जो चुनौती स्वीकार नहीं करता वो कमजोर ही होगा और कमजोर ही रहेगा। हमने नागराज और सुपर कमाण्डो ध्रुव को लेकर एक नई रामायण बनाने की चुनौती स्वीकार की और हम दिलो-दिमाग, तन-मन से इस शिखर प्रोजेक्ट को उम्दा बनाने पर जुट गए। हमारी तकरीबन रोज ही नागायण पर मीटिंग्स होती रहीं और इसमें नए-नए आयाम जुड़ते गए। नागराज और सुपर कमाण्डो ध्रुव के जीवन के कुछ सालों का पूरा इतिहास व भविष्य बनाना कोई आसान काम ना था। अनुपम सिन्हा जी, जॉली सिन्हा जी, मनीष जी, मनोज जी, विवेक जी हम सभी ने मिलकर इसमें मेहनत की। लेकिन 99 प्रतिशत मेहनत केवल और केवल इस सदी के महानतम कॉमिक लेखक अनुपम सिन्हा जी व जॉली सिन्हा जी की ही है।

किसी भी कॉमिक का सबसे अहम, सबसे पहला हिस्सा कहानी ही होता हैं चित्रकार कितना भी अच्छा हो उसे भी अपने चित्रों को चित्रकथा बनाने के लिए कथा कि जरूरत पड़ेगी ही यह दुर्भाग्य है या विडम्बना कि चित्र कथा में कथा बाद में जुड़ता है जबकि मेरी नजर में इसे कथा चित्र लिखा जाना चाहिए कथा को कहते चित्र ना कि चित्रों में कही गई कथा।

नागायण का केनवस बहुत वृहत था। इसके चार खण्ड प्लान किए गए **वरण काण्ड**, **हरण काण्ड**, **दहन काण्ड** व **समर काण्ड**। किंतु प्रथम खण्ड पूरा होते-होते यह प्लानिंग चरमरा गई। कथा में इतनी रोचक-रोचक घटनाएं जुड़ती चली गईं कि **वरण काण्ड** में पूरी तरह से वरण भी ना हो सका तो **हरण काण्ड** में हरण कैसे होता। तो इसलिए बीच में जोड़ा गया **ग्रहण काण्ड**। जिसमें होगा वरण भी और लगेगा ग्रहण भी।

हुआ यूं कि **वरण काण्ड** में वरण कराने के लिए अनुपम जी ने कुछ जरूरी घटनाओं को जो कि बहुत रोचक बन

सकती थीं दो-चार फ्रेम्स में ही लिख दिया जैसे नागराज से भारती की शादी जो केवल उन्होंने संवाद में ही बता दी। मुझे लगा नहीं नागराज की शादी के तो चित्र होने चाहिए तो भारती और नागराज की शादी के लिए तीन पेज बनाए गए। फिर आया आयुधक्षेत्र तो वह भी एक पेज का ही सिक्वेंस बनाया गया था। मुझे लगा कि नहीं आयुध क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण प्रसंग को उसके महत्व के अनुसार नहीं दिखाया गया तो उसे भी छः पेज और दिए गए। हां नताशा और ध्रुव की शादी हम नहीं दिखा सके। वह आगे जरूर दिखाएंगे, लेकिन आपकी बहस कि ध्रुव की शादी रिचा से होनी चाहिए या नताशा से इस पर विराम लग गया हो ऐसा नहीं है क्योंकि शादी हुई तो हो गया तलाक भी। और यह तो आप सभी जानते हैं कि रिचा भी ध्रुव से बेइंतिहा प्यार करती है।

वरण काण्ड को लेकर आप लोगों की बड़ी गरमा-गरम बहस चल रही थी कि नागराज भारती से विवाह करेगा या विसर्पी से। तो वरण काण्ड में आपने जाना कि नागराज तो भारती से विवाह बहुत पहले ही कर भी चुका है। लेकिन परिस्थितिजन्य विवाह। विवाह के नाम पर मानवता की रक्षा में किया गया समझौता मात्र। अभी भी इस विषय पर आगे बहुत कुछ लिखना बाकी है क्या हुआ? कैसे हुआ वरण? और वरण हुआ तो अब वरण के बाद क्या होगा?

नागराज और ध्रुव को नई पॉवर्स नहीं दी गई। बस उनकी पॉवर्स को भविष्य के साथ एडवांस किया गया है। बाबा गोरखनाथ का साथ आपको जरूर अच्छा लगेगा। हालांकि वरण काण्ड में उनका रोल अभी उतना रोचक नहीं है, लेकिन आगे वो भी अपने कारनामे दिखाएंगे। आशा है आपको वरण काण्ड की प्रेसेंटेशन अच्छी लगी होगी। इस पर राज कॉमिक्स की टीम ने बहुत मेहनत की है। नागायण की प्रस्तुति में हमने शुरू से अंत तक हर चीज को नए ढंग से संवारने की कोशिश की है। शुरू के चार पेजिस ललित ने बनाए हैं। आगे भी हमारी कोशिशें जारी रहेंगी।

वरण काण्ड का प्रिव्यू इस बार नए स्टाइल का बनाया गया है। आशा है आपको पसंद आया होगा। जो राज कॉमिक्स पाठक अभी तक राज कॉमिक्स की वेबसाइट www.rajcomics.com पर नहीं गए हैं उन्हें बता दूं कि राज कॉमिक्स वेबसाइट पर नागराज, ध्रुव व डोगा की कॉमिकों के प्रिव्यूस कॉमिक बाजार में आने से पहले लगा दिए जाते हैं और यह प्रिव्यूस बहुत रोचक होते हैं। साइट पर आप छः प्रिव्यूस देख सकते हैं। फुंकार, डोगा का एनकांउटर, डोगा हरण, सर्वनाश, डोगा तेरे कारण, और वरण काण्ड। इसके अलावा आप साइट पर फ्री कॉमिक डाउनलोड कर सकते हैं। नई कॉमिक्स के विज्ञापन, कर्वस व ग्रीन पेजिस देख व पढ़ सकते हैं। वेबसाइट पर फोरम में आप अपने सुझाव व शिकायतें लिख सकते हैं। मेम्बर्स की लिखी कहानियां पढ़ सकते हैं आप अपनी कहानियां भी वहां लिख सकते हैं। मेम्बर्स के बनाए हुए चित्र देख सकते हैं। अपने बनाए हुए चित्र भी वहां पोस्ट कर सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सी चीजें

हैं आज राज कॉमिक्स वेबसाइट पर। आप वेबसाइट पर जल्दी जाएं व मेम्बर भी बने जो कि बिल्कुल मुफ्त है।

द्वितीय खण्ड ग्रहण काण्ड एक लाजवाब कथा है इसके बारे में बस इतना कहूंगा कि आप झूम उठेंगे। ग्रहण काण्ड अनुपम जी ने व जॉली जी ने पूरी बना दी है। नागराज और ध्रुव की अब तक की बेस्ट कॉमिक बनी है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि यह आप तक वरण काण्ड से भी सुन्दर बन कर पहुंचे और हां जल्दी भी। अब हमारी आगामी कोशिश यही रहेगी कि आपके प्रिय पात्र नागराज और सुपर कमाण्डो ध्रुव की कॉमिकें हर महीने आएं हम इसके लिए तैयार हो चुके हैं। अब आप भी तैयार हो जाएं अपने प्रिय सुपर हीरोज के हर महीने नए कारनामों के लिए। सुपर कमाण्डों ध्रुव की आगामी कॉमिक सीरीज आ रही है मकड़जाल जिसका की पहला कॉमिक होगा स्पाइडर जो कि बनना शुरू हो चुका है ग्रहण काण्ड के बाद बहुत जल्दी ही स्पाइडर भी आपके हाथों में होगा और इसके बाद जुलाई में प्रकाशित हो जाएगा नागायण का तृतिय खण्ड हरण काण्ड।

हमेशा की तरह अपनी प्रतिक्रियाओं से हमें अवगत कराते रहें। आपकी शिकायतों पर पूरा ध्यान दिया जाएगा व आपके सुझावों का स्वागत किया जाएगा। इसी तरह अपने सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं हमें भेजते रहें। आपके सुझाव ही हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत हैं।

अपने पत्र हमें आप इस पते पर भेजें: **ग्रीन पेज नं. 245 राजा पॉकेट बुक्स 330/1 बुराड़ी, दिल्ली-84**

Forum पर अपनी पोस्ट आप **www.rajcomics.com** पर करें।

आपका–संजय गुप्ता